# 26 आयकर की दरें

## Rate of Inocme Tax

### 1. व्यक्ति (Individual), अविभाजित हिन्दु परिवार (HUF), BOI व्यक्तियों के समूह (AOP) के लिए

(अ) आयकर की दरें (Rates of Income Tax) :– आयकर की दरें 2015–16 के लिए निम्नानुसार है :–

| करदाता की श्रेणी | वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए | | वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए | |
|---|---|---|---|---|
| व्यक्तियों के लिये | करयोग्य आय रू.2,50,000 तक | निरंक | करयोग्य आय रू. 2,50,000 तक | निरंक |
| | 2,50,001 से 5,00,000 तक | 10% | 2,50,001 से 5,00,000 तक | 10% |
| | 5,00,001 से 10,00,000 तक | 20% | 5,00,001 से 10,00,000 तक | 20% |
| | 10,00,000 से अधिक | 30% | 10,00,000 से अधिक | 30% |
| वरिष्ठ नागरिकों के लिये (60 वर्ष या अधिक उम्र) | करयोग्य आय रू.3,00,000 तक | निरंक | करयोग्य आय रू.3,00,000 तक | निरंक |
| | 3,00,001 से 5,00,000 तक | 10% | 3,00,001 से 5,00,000 तक | 10% |
| | 5,00,001 से 8,00,000 तक | 20% | 5,00,001 से 10,00,000 तक | 20% |
| | 8,00,000 से अधिक | 30% | 10,00,000 से अधिक | 30% |
| अति वरिष्ठ नागरिकों (80 वर्ष या अधिक उम्र) | करयोग्य आय रू. 5,00,000 तक | निरंक | करयोग्य आय रू. 5,00,000 तक | निरंक |
| | 5,00,001 से 8,00,000 तक | 20% | 5,00,001 से 10,00,000 तक | 20% |
| | 8,00,000 से अधिक | 30% | 10,00,000 से अधिक | 30% |

*यहां पर कुल आय में निम्न आय सम्मिलित नही है इन पर आयकर की विशेष दरें निम्नानुसार निर्धारित है :–

i. शेयरों एवं इक्विटी ओरिएंटेड म्युचुअल फंड के यूनिटों क अंतरण (Transfer) से होने वाले अल्पकालिक पूंजी अभिलाभ — 15% (धारा 111A के तहत) (केवल निवेशको के लिये)

ii. दीर्घकालिक पूंजी अभिलाभ — 20% (धारा 111 के तहत)

iii. लाटरी, क्रासवर्ड, घुडदौड़ या अन्य किसी प्रतियोगिता में प्राप्त आय — 30% (धारा 111(BB) के तहत)

(ब) सरचार्ज की दर–वित्तीय वर्ष 2015–16 से 15 % की दर से यदि करयोग्य आय 1 करोड से अधिक हो।

(स) सेकेंडरी व हायर सेकेंडरी एजूकेशन सेस : वित्तीय वर्ष 2007–08 से कुल देय आयकर पर 3% (2% + 1%) की दर से शिक्षण सेस देय है।

(द) आयकर से छूट – व्यक्ति करदाता जिसकी करयोग्य आय 5 लाख रू तक है, उसे वित्तीय वर्ष 2014–15 से रू 5000 या वास्तविक देय आयकर की राशि, जो कम हो, की धारा 87 ए के तहत छूट मिलेगी।

### 2. साझेदारी (Partnership firm) व घरेंलू कंपनी (Domestic Company) के लिए

(अ) आयकर की दरें – यदि कोई कटौति क्लेम न करें, तो घरेलू उत्पादन कंपनी के लिए 25 प्रतिशत तथा यदि 2014–15 में टर्नओवर 5 करोड़ से ज्यादा न हो तो 29 प्रतिशत अन्यथा 30 प्रतिशत।

न्यूनतम वैकल्पिक कर (मैट, ए.एम.टी) – एक समान दर 18.5 % की दर से देय।

(ब) सरचार्ज की दर :– फर्मं – 12 % की दर से यदि कर योग्य आय 1 करोड़ रूपए से अधिक हो तो।
घरेलू कम्पनी – 7% की दर से यदि कर योग्य आय 1–10 करोड़ रूपए हो तो।
– 12% की दर से यदि कर योग्य आय 10 करोड़ से अधिक हो तो।

(स) सेकेंडरी व हायर सेकेंडरी एजूकेशन सेस :– वित्तीय वर्ष 2007–08 से कुल देय आयकर (सरचार्ज सहित) पर 3% (2% + 1%) की दर से शिक्षण सेस देय है।

### 3. विदेशी कंपनी (Foreign Company) के लिए

(अ) आयकर की दरें – एक समान दर 40 % से देय।

(ब) सरचार्ज की दर – 2 % की दर से यदि कर योग्य आय 1 करोड़ रूपए से अधिक हो तो।
5 % की दर से यदि कर योग्य आय 5 करोड़ रूपए से अधिक हो तो।

(स) सेकेंडरी व हायर सेकेंडरी एजूकेशन सेस : कुल देय आयकर (सरचार्ज सहित) पर 3% (2% + 1%)



1
Wednesday, August 31, 2016 7:53:36 PM